MY YOUTUBE CHANNEL NAME - RAVI TEST PAPERS
FOR PDF FILES CHECK www.ravitestpapers.com
FREE WHATSAPP GROUP LINK - www.ravitestpapers.in

Standard: 6th Subject: Hindi

**Q1.** चिड़िया किसके लिए गाती है? **1 Mark**

1 अपने मित्रों के लिए 2 बूढ़े वन-बाबा के लिए 3 अपने बच्चों के लिए 4 संगीत प्रेमियों के लिए

**Ans:** 2 बूढ़े वन-बाबा के लिए

**Q2.** "वह छोटी........ चिड़िया" उचित शब्दों से पंक्ति ........ पूरी कीजिए। **1 Mark**

1 संतोषी 2 मुँह बोली 3 गरबीली 4 उपर्युक्त सभी

**Ans:** 4 उपर्युक्त सभी

**Q3.** 'वह चिड़िया जो' कविता के कवि कौन हैं?

1 शमशेर बहादुर सिंह 2 केदारनाथ अग्रवाल 3 सुभद्रा कुमारी चौहान 4 सुमित्रानंदन पंत

**Ans:** 2 केदारनाथ अग्रवाल

**Q4.** चिड़िया के पंख कैसे हैं?

1 पीले 2 काले 3 लाल 4 नीले

**Ans:** 4 नीले

**Q5.** चिड़िया आनंदपूर्वक क्या खाती है?

1 दूध भरे ज्वार के दाने 2 दूध भरे मक्का के दाने 3 दूध भरे गेहूँ के दाने 4 दूध भरे धान के दाने

**Ans:** 1 दूध भरे ज्वार के दाने

**Q6.** चिड़िया नदी का दिल टटोलकर क्या ले जाती है?

1 मछली 2 कमलनाल 3 जल का मोती 4 पेड़ की पत्ती

**Ans:** 3 जल का मोती

**Q7.** मुँह बोली का अर्थ है

1 सबके साथ बोलने वाली 2 मुँह से बोलने वाली 3 कम बोलने वाली 4 अधिक बोलने वाली

**Ans:** 1 सबके साथ बोलने वाली

**Q8.** चिड़िया को पसंद है- **1 Mark**

1 फल 2 सब्जी 3 अनाज़ के दाने 4 मिठाई

**Ans:** 3 अनाज़ के दाने

**Q9.** 'विजन' का अर्थ होगा? **1 Mark**

1 भीड़-भाड़ 2 सज्जन 3 निर्जन (जंगल) 4 नगर

**Ans:** 3 निर्जन (जंगल)

**Q10.** जुंडी' का क्या अर्थ है? **1 Mark**

1 मक्का 2 गेहूँ की बाली 3 धान की बाली 4 ज्वार की बाली (टुस्सी)

RAVI TEST PAPERS & NOTES
WHATSAPP 8056206308

**Ans:** 4 ज्वार की बाली (टुस्सी)

**Q11.** चिड़िया को किन चीज़ों से प्यार है? **1 Mark**

1 नदी से 2 जंगल से 3 अन्न से 4 उपर्युक्त सभी

**Ans:** 4 उपर्युक्त सभी

**Q12.** आशय स्पष्ट करो- **1 Mark**
रस उँडेलकर गा लेती है

**Ans:** चिड़िया मधुर स्वर में गाती है। उसके स्वर (आवाज) की मधुरता वातावरण में रस घोल देती है।

**Q13.** वह चिड़िया... जुंडी के दाने रुचि से... खा लेती है। **1 Mark**
वह चिड़िया... रस उँडेलकर गा लेती है।
कविता की इन पंक्तियों में मोटे छापे वाले शब्दों को ध्यान से पढ़ो। पहले वाक्य में 'रुचि से' खाने के ढंग की और दूसरे वाक्य में 'रस उँडेलकर' गाने के ढंग की विशेषता बता रहे हैं। अतः ये दोनों क्रियाविशेषण हैं।
नीचे दिए वाक्यों में कार्य के ढंग या रीति से संबंधित क्रियाविशेषण छाँटो।
सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूसने लगी।

**Ans:** जल्दी-जल्दी.

**Q14.** आशय स्पष्ट करो-
चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है।

**Ans:** चिड़िया जल से भरी, उफनती नदी के बीच से अपनी चोंच में पानी की बूंद लेकर उड़ जाती है। ऐसा लगता है जैसे वह नदी के हृदय से मोती लेकर उड़ी जा रही है।

**Q15.** नीचे कुछ पक्षियों के नाम दिए गए हैं। उनमें यदि कोई पक्षी एक से अधिक रंग का है तो लिखो कि उसके किस हिस्से का रंग कैसा है। जैसे तोते की चोंच लाल है, शरीर हरा है।
मैना, कौवा, बत्तख, कबूतर.

**Ans:** **मैना**- काले रंग की होती है, इसकी चोंच पीली होती है।
**कौवा**- का पूरा शरीर काला होता है।
**बत्तख**- सफेद रंग की होती है, इसके चोंच और पाँव पीले होते हैं।
**कबूतर**- सफेद या धूसर रंग का होता है।

**Q16.** इस कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?

**Ans:** कविता से ज्ञात होता है कि उसे अन्न, विजन और नदी से प्यार है। वह दूध भरे जुंडी के दाने, मन से रुचिपूर्वक और स्वाद से खाती है। सुनसान जंगल में, एकांत में भी वह उमंग से गाती है। उफनती नदी से जल की बूंद अपनी चोंच में भर कर वह उड़ जाती है।

**Q17.** तुम भी ऐसी कल्पना कर सकते हो कि 'वह फूल का पौधा जो-पीली पंखुड़ियों वाला-महक रहा है- मैं हूँ।' उसकी विशेषताएँ मुझ में हैं। फूल के बदले वह कोई दूसरी चीज़ भी हो सकती है जिसकी विशेषताओं की गिनाते हुए तुम उसी चीज़ से अपनी समानता बता सकते हो ऐसी कल्पना के आधार पर कुछ पंक्तियाँ लिखो। **3 Marks**

**Ans:**
वह फूल का पौधा जो
हवा में झूलता
आँगन में खड़ा मुस्करा रहा है
खुशबू अपनी फैला रहा है
पीली पंखुड़ियों वाला पौधा मैं हूँ
मुझे हवा से बहुत प्यार है।
वह फूल का पौधा जो
खिलता-मुरझाता
पर खुशबू से नाता सदा निभाता है
मुरझाने पर भी सुगंध ही देता
पीली पंखुड़ियों वाला वह पौधा मैं हूँ

RAVI TEST PAPERS & NOTES
WHATSAPP 8056206308

मुझे महक से बहुत प्यार है।

**Q18.** कविता का हर बंध 'वह चिड़िया जो-' से शुरू होता है और मुझे बहुत प्यार है' पर खत्म होता है। तुम भी इन पंक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी कल्पना से कविता में कुछ नए बंध जोड़ो। **3 Marks**

**Ans:** वह चिड़िया जो
फुदक फुदक कर
नील गगन की सीमा पाने
पंख पसारे उड़ जाती है
वह छोटी फुर्तीली चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे गगन से बहुत प्यार है।
वह चिड़िया जो
रोज सवेरे
नियत समय आँगन में तेरे
तुझे उठाने आ जाती है
चूं-चूं करती छोटी चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे सुबह से बहुत प्यार है।




**Q19.** पंखोंवाली चिड़िया
ऊपरवाली दराज़
नीले पंखों वाली चिड़िया
सबसे ऊपरवाली दराज़
यहाँ रेखांकित शब्द विशेषण का काम कर रहे हैं। ये शब्द चिड़िया और दराज संज्ञाओं की विशेषता बता रहे हैं, अतः रेखांकित शब्द विशेषण हैं और चिड़िया, दराज़ विशेष्य हैं। यहाँ 'वाला/वाली' जोड़कर बनने वाले कुछ और विशेषण दिए गए हैं। ऊपर दिए गए उदाहरणों की तरह इनके आगे एक-एक विशेषण और जोड़ो.."

________________ मोरों वाला बाग
________________ पेड़ों वाला वन
________________ फूलों वाली क्यारी
________________ स्कूल वाला रास्ता
________________ हँसने वाला बच्चा
________________ मूंछों वाला आदमी

**Ans:** **सुंदर**: मोरों वाला बाग = सुंदर मोरों वाला
**बाग**: पेड़ों वाला वन = हरे पेड़ों वाला वन
**रंग-बिरंगे**: फूलों वाली क्यारी = रंग-बिरंगे फूलों वाली क्यारी
**छोटे**: स्कूल वाला रास्ता = छोटे स्कूल वाला रास्ता
**बहुत**: हँसने वाला बच्चा = बहुत हँसने वाला बच्चा
**घनी**: मूंछों वाला आदमी = घनी मूंछों वाला आदमी

**Q20.** कविता पढ़कर तुम्हारे मन में चिड़िया का जो चित्र उभरता है उस चित्र को कागज़ पर बनाओ।

**Ans:**



'वह चिड़िया जो' कविता को पढ़कर हमारे मन में चिड़िया का कुछ इस तरह चित्र उभरता है-
1. चिड़िया के पंख चमकीले नीले और आकर्षक हैं।
2. चिड़िया का आकार छोटा है।
3. वह जंगल में गाती-फिरती है।
4. वह नदी का पानी पीती है।

RAVI TEST PAPERS & NOTES
WHATSAPP 8056206308